# उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय,

## हल्द्वानी

## महत्वपूर्ण उपलब्धियाँ

माह जनवरी, 2020

## “Political History of Uttarakhand” पुस्तक का विमोचन

प्रो0 अजय रावत द्वारा लिखी गई पुस्तक 'पॉलिटिकल हिस्ट्री ऑफ उत्तराखण्ड' का विमोचन दिनांक 28 जनवरी, 2020 को विश्वविद्यालय में कुमॉऊ कमिश्नर राजीव रौतेला, कुलपति प्रो0 नेगी, कुलसचिव श्री भरत सिंह, वित्त नियंत्रक श्रीमती आभा गर्खाल, परीक्षा नियंत्रक प्रो0 पी0डी0 पंत समेत अन्य अतिथियों द्वारा किया गया।

आयुक्त राजीव रौतेला ने इस पुस्तक को काफी अहम दस्तावेज बताया। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो0 ओ0पी0एस0 नेगी ने वर्तमान परिप्रेक्ष्य में पुस्तक को महत्वपूर्ण बताया।

कार्यक्रम में प्रो0 अजय रावत, सिटी मजिस्ट्रेट प्रत्यूष सिंह, एसपी सिटी अमित श्रीवास्तव विश्वविद्यालय के समस्त निदेशक आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन हिन्दी विभाग के डॉ0 राजेन्द्र कैड़ा द्वारा किया गया।




*पुस्तक का विमोचन करते आयुक्त कुमॉउ, श्री रौतेला, कुलपति प्रो0 नेगी, प्रो0 रावत*

## परीक्षा

- दिनांक 29 जनवरी 2020 को परीक्षा समिति की 10वीं बैठक आयोजित की गई।
- विश्वविद्यालय की वार्षिक/सेमेस्टर परीक्षाएं दिसम्बर 2019 (दिनांक 16 दिसम्बर 2019 से 13 जनवरी 2020 तक) के सफल संचालन हेतु विश्वविद्यालय स्तर से 03–03 सदस्यों की औचक निरीक्षण टीमों के द्वारा दिनांक 06 जनवरी, 2020 से 11 जनवरी, 2020 तक कार्य किया गया।
- विश्वविद्यालय की वार्षिक/सेमेस्टर परीक्षाएं दिनांक 16 दिसम्बर 2019 से 13 जनवरी 2020 तक 46 परीक्षा केन्द्रों में शांतिपूर्ण रूप से सम्पन्न कराई जा चुकी है।

- जनवरी माह में ऑनलाइन व ऑफलाइन माध्यम से आवेदित 600 मूल उपाधियाँ एवं 54 अनापत्ति प्रमाणपत्र / सत्यापन वाहक / डाक से प्रेषित किये गये।

## प्रवेश

- मा0 कुलपति प्रो0 ओ.पी.एस. नेगी तथा कुलसचिव, श्री भरत सिंह द्वारा विश्वविद्यालय के कलैन्डर को जारी किया गया। कलैन्डर में देवभूमि के धामों को प्रमुखता से दर्शाया गया है तथा कलैण्डर में पहली बार विश्वविद्यालय के समस्त पाठ्यक्रमों की जानकारी दी गयी है।
- विश्वविद्यालय में शीतकालीन सत्र जनवरी–2020 में दिनांक 03/02/2020 को अब तक 3110 विद्यार्थियों ने प्रवेश लिया है।

## योग कार्यशाला

योग विभाग द्वारा जनवरी माह मे योग विषय की 10 दिवसीय कार्यशालायें एवं प्रयोगात्मक परीक्षा निम्नानुसार सम्पन्न की गयी –

| क्रम संख्या | संस्थान का नाम | दिनांक | कुल प्रतिभागी |
|---|---|---|---|
| 1 | वेद निकेतन धाम भूपतवाला , हरिद्वार । | 12 जनवरी 2020 से 21 जनवरी 2020 तक प्रयोगात्मक परीक्षा 22 जनवरी 2020 | योग विज्ञान में डिप्लोमा/ स्नातक प्रथम वर्ष |
| 2 | वेद निकेतन धाम भूपतवाला , हरिद्वार । | 12 जनवरी 2020 से 21 जनवरी 2020 तक प्रयोगात्मक परीक्षा 22 जनवरी 2020 | एम० ए० योग प्रथम वर्ष |
| 3 | वेद निकेतन धाम भूपतवाला , हरिद्वार । | 12 जनवरी 2020 से 21 जनवरी 2020 तक प्रयोगात्मक परीक्षा 22 जनवरी 2020 | स्नातक तृतीय वर्ष |
| 4 | वेद निकेतन धाम भूपतवाला , हरिद्वार । | प्रयोगात्मक परीक्षा 18 जनवरी 2020 | योग विज्ञान में प्रमाण पत्र / योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा में प्रमाण पत्र |
| 5 | उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय,हल्द्वानी | प्रयोगात्मक परीक्षा 20 जनवरी 2020 | योग विज्ञान में प्रमाण पत्र / योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा में प्रमाण पत्र |
| 6 | वेद निकेतन धाम भूपतवाला , हरिद्वार । | 24 जनवरी 2020 से 02 फरवरी 2020 तक प्रयोगात्मक परीक्षा 03 फरवरी 2020 | एम० ए० योग द्वितीय वर्ष |
| 7 | वेद निकेतन धाम भूपतवाला , हरिद्वार । | 24 जनवरी 2020 से 02 फरवरी 2020 तक प्रयोगात्मक परीक्षा 03 फरवरी 2020 | एम० ए० योग प्रथम वर्ष |

उपर्युक्त कार्यशालाओं में 10 दिन तक प्रतिदिन विविध प्रयोगात्मक एवं तकनीकी सत्रों का लाभ विद्यार्थियों को प्राप्त हुवा। प्रयोगात्मक सत्रों में कार्यक्रम संयोजक डा0 भानु जोशी के दिशा- निर्देश में प्रात:काल महिला एवं पुरूष योग प्रशिक्षकों के माध्यम से प्रतिदिन योगिक षटकर्म, सूक्ष्म व्यायाम, आसन, प्राणायाम, मुद्रा, बन्धों तथा ध्यान का अभ्यास शिक्षार्थियों को कराया गया।



योग कार्यशाला को सम्बोधित करते प्रो0 गिरिजा पाण्डे।

सायंकाल प्रयोगात्मक परीक्षा की दृष्टि से विद्यार्थियों को कठिन आसन भी करायें गये। प्रतिदिन 2 तकनीकी सत्र विद्यार्थियों के बौद्धिक विकास के लिए रखे गये जिसमे योग के विविध सैद्धान्तिक पक्षों की जानकारी अलग- अलग विषय विशेषज्ञों के द्वारा विद्यार्थियों को प्रदान की गई। तकनीकी सत्रों में देश के अलग-अलग संस्थानों तथा विश्वविद्यालयों से आये विषय विशेषज्ञों का लाभ प्रतिभागियों को मिला। जिसमें डा० अमृत लाल गुरूवेंद्र , एसो0 प्रोफेसर देवसंस्कृति विश्वविद्यालय,हरिद्वार, निसर्गाचार्य डी0 एन0 शर्मा, डा0 कंचन जोशी , एसो0 प्रोफेसर एस०जी०आर०आर० विश्वविद्यालय, देहरादून, डॉ सरस्वती काला योग विभागाध्यक्ष एस०जी०आर०आर० विश्वविद्यालय, देहरादून, पूजा कौशीक देवसंस्कृति विश्वविद्यालय, हरिद्वार, संतोष विश्वकर्मा देवसंस्कृति विश्वविद्यालय,हरिद्वार , डॉ नवदीप जोशी, लाल बहादुर शास्त्री विश्वविद्यालय, दिल्ली, महेश कुमार सिलोड़ी, डॉ नवीन भटट, एस०एस०जे केम्पस अल्मोडा, डॉ घनश्याम ठाकुर, एच०एन० बी ०गढवाल के अलावा कार्यक्रम संयोजक योग विभाग डा0 भानु प्रकाश जोशी ने समय –समय पर अपने पाठ्यक्रम से सम्बनिधत अपने व्याख्यान प्रस्तुत किये। समापन सत्र में विशेषज्ञ के रूप में पदम श्री भारतभूषण जी तथा प्रो० ईश्वरभारद्वाज जी विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया।

दिनांक 13 जनवरी को विश्वविद्यालय के कुलपति जी प्रो0 ओ0पी0 एस0 नेगी जी ने कार्यशाला स्थल का औचक निरीक्षण किया तथा विद्यार्थीयों को योग की वारिकियों से अवगत कराया तथा योग को जीवन में अपनाने का आग्रह किया।कुलपति महोदय ने कार्यशाला पहुचकर विद्यार्थीयों का मनोवल बढाया और बताया की योग के माध्यम से ही भारत विश्व गुरू बन सकता है। दिनांक 17 व18 जनवरी को समाज विज्ञान विद्याशाखा के निदेशक प्रो०गिरजा



योग कार्यशाला को सम्बोधित करते कुलपति प्रो0 नेगी।

पाण्डे जी ने कार्यशाला में पहुचकर विद्यार्थीयों का मार्गदर्शन किया तथा योग के विभिन्न विधाओं से विद्यार्थीयों को अवगत कराया।

## गृहविज्ञान कार्यशाला

उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय के गृह विज्ञान विभाग द्वारा माननीय कुलपति प्रो0 ओ0पी0एस0 नेगी के दिशा निर्देश पर दिनांक 13-17 जनवरी, 2020 को गृह विज्ञान के परास्नातक शिक्षार्थियों के लिए तीन दिवसीय प्रयोगात्मक कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में विभाग के शिक्षक डॉ0 प्रीति बोरा, श्रीमती मोनिका द्विवेदी तथा डॉ0 ज्योति जोशी द्वारा शिक्षार्थियों को वस्त्र एवं परिधान विषय से सम्बंधित प्रयोगात्मक कार्य कराया गया तथा उनसे रंगाई एवं छपाई विधि के प्रयोग द्वारा विभिन्न परिधान तैयार कराए गए। इसके अतिरिक्त छात्रों द्वारा विभाग द्वारा उपलब्ध कराए गए प्रयोगात्मक मैनुअल सम्बंधित प्रयोगात्मक कार्य भी कराया गया जिसमें तन्तु दहन परीक्षण तथा कपड़े की बुनाई सम्बंधित प्रक्षिक्षण भी दिया गया।



कार्यशाला में शिक्षार्थियों की कार्यक्रम सम्बंधी शंकाओं तथा परेशानियों का भी समाधान किया गया। कार्यक्रम के अंतिम दिन में माननीय कुलपति जी द्वारा छात्रों को सम्बोधित किया गया तथा उनके द्वारा किए गए कार्य की सराहना की गई। कुलपति जी ने शिक्षार्थियों को इस कार्य को स्वरोजगार हेतु प्रयोग करने का सुझाव दिया तथा उनके उज्जवल भविष्य हेतु शुभकामनाएं दीं।



## राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद में आवेदन किये जाने के संबंध में

विश्वविद्यालय द्वारा राष्ट्रीय मूल्यांकन एवम प्रत्यायन परिषद में आवेदन किये जाने के संबंध में वांछित सूचना एकत्रित करने हेतु विभिन्न समितियों का गठन किया गया है | इसकी समीक्षा के लिए समय समय पर माननीय कुलपति व निदेशक अकादमिक की अध्यक्षता में बैठके भी आहूत की जा रही है | इसी कार्य को अधिक सुचारू व व्यवस्थित रूप से संपन्न करने के लिए CEMCA की तरफ से नामित प्रोफेसर सोनवीर चौधरी, पूर्व अध्यक्ष NCTE, पूर्व निदेशक SOE, IGNOU द्वारा भी तीन दिवसीय विश्वविद्यालय का दौरा किया गया |

इस दौरान उन्होंने कुलपति महोदय, विभिन्न विभागों के निदेशकों, अधिकारियों व विभिन्न विभागों के पाठयक्रमों के समन्वयकों से बैठके की तथा इस बात पर चर्चा की गई कि किस तरह से विश्वविद्यालय राष्ट्रीय मूल्यांकन एवम प्रत्यायन परिषद द्वारा विभिन्न बिन्दुओं पर चाही गई सूचना को कम से समय में तैयार कर सकता है तथा किस तरह से अधिक से अधिक अंक अर्जित कर सकता है |

उनके द्वारा बताये गये सुझावों के अनुसार उक्त कार्य विश्वविद्यालय के सभी सदस्यों में वितरित किया गया | दिनांक 16 जनवरी से 18 जनवरी, 2020 तक प्रो0 सोहनवीर चौधरी द्वारा इस कार्य में हुई प्रगति की समीक्षा की गई। जिसमें मा0 कुलपति जी की अध्यक्षता में समस्त समितियों के सदस्यों द्वारा पीपीटी प्रेजेन्टेशन द्वारा अपनी आख्या प्रस्तुत की गई।

विश्वविद्यालय द्वारा माह फरवरी, 2020 तक नैक हेतु आवेदन किये जाने की योजना है।

## पाठ्य सामग्री वितरण

विश्वविद्यालय में पंजीकृत छात्रों को अध्ययन सामग्री प्रदान की जाती है। विश्वविद्यालय के ग्रीष्मकालीन सत्र 2019–20 में पंजीकृत छात्रों को प्रेषित अध्ययन सामग्री का विवरण निम्नवत् है–

**Book Distribution Status Previous Session (2019-20-Summer)**

| | |
|---|---|
| **Total Students** | 68776 |
| **Regional Centre** | **Issued Books** |
| 11 Dehradun | 15456 |
| 12 Roorkee | 6786 |
| 14 Pauri | 3695 |
| 15 Uttar Kashi | 4968 |
| 16 Haldwani | 15552 |
| 17 Ranikhet | 6866 |
| 18 Pithoragarh | 2891 |
| 19 Bageshwar | 2497 |
| **Books Packed/Dispatched For** | 58711 |

## परीक्षा केन्द्रों का औचक निरीक्षण

वर्तमान में संचालित विश्वविद्यालय की वार्षिक/सेमेस्टर परीक्षा माननीय कुलपति प्रो0 ओ0पी0एस0 नेगी द्वारा निम्न परीक्षा केन्द्रों का औचक निरीक्षण किया गया–

- दिनांक 04/1/2020 को ओमकारानन्द इन्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट, ऋषिकेश का औचक निरीक्षण।



- दिनांक 06/1/2020 को बीएसएम स्नाकोत्तर महाविद्यालय, रूड़की का औचक निरीक्षण।
- दिनांक 06/1/2020 को एचईसी , स्नातकोत्तर महाविद्यालय, हरिद्वार का औचक निरीक्षण।
- दिनांक 07/1/2020 को राजकीय महाविद्यालय, डाकपत्थर का औचक निरीक्षण।
- दिनांक 07/1/2020 को सरदार महिपाल सिंह महाविद्यालय, साहिया का औचक निरीक्षण।
- दिनांक 08/1/2020 को श्री गुरू राम राय महाविद्यालय, देहरादून का औचक निरीक्षण।

# अन्य अकादमिक गतिविधियाँ

- मा0 कुलपति जी द्वारा नैक मूल्यांकन से सम्बन्धित समस्त मुक्त विश्वविद्यालयों के कुलपतियों के लिए आयोजित Accessor Orientation Programme (AOP), जो कि NAAC, Bangluru द्वारा आयोजित किया गया था, में प्रतिभाग किया गया।





*ऐओपी कार्यक्रम में प्रो0 नेगी प्रतिभाग करते हुए।*

- मा0 कुलपति जी द्वारा दिनांक 30 जनवरी, 2020 को NAAC द्वारा आयोजित कार्यक्रम में में प्रतिभाग किया गया जो कि माननीय मंत्री, मानव संसाधन विकास मंत्रालय की अध्यक्षता में नई दिल्ली में आयोजित किया गया था।

- दिनांक 09 जनवरी, 2020 को माननीय श्री राज्यपाल/कुलाधिपति महोदया की अध्यक्षता में आहूत त्रैमासिक बैठक में मा0 कुलपति जी द्वारा प्रतिभाग किया गया।

- The research paper entitled "Quality Assurance Toolkit for ODL Institution: A Review Study of Uttarakhand Open University" which is co-authored by Dr. Jeetendra Pande, Assistant Professor- School of Computer Science & IT, is published in Volume 8 (Issue 01) of The Online Journal of Distance Education and e-Learning (A UGC Listed Journal) in January 2020.

- The research paper entitled "Descriptive Analytics of MOOCs with ICT in Respect of Developed Countries and Indian Context", which is co-authored by Dr. Jeetendra Pande, Assistant Professor- School of Computer Science & IT, is published in Volume 11(Issue 04) of International Journal of Information Communication Technologies and Human Development, IGI-Global, (A UGC Listed Journal) in January 2020.

- दिनांक 22–23 जनवरी, 2020 को Association of Indian Universities (AIU) द्वारा आयोजित राष्ट्रीय कार्यशाला जो कि Safe Campus: Implementation of UGC Guidelines/Regulation on Gender Champions and POSH विषय पर थी। उक्त कार्यशाला में विश्वविद्यालय से डॉ0 नीरजा सिंह, सहायक प्रध्यापक तथा श्रीमती रेखा बिष्ट, सहायक क्षेत्रीय निदेशक द्वारा पं0 रविशंकर विश्वविद्यालय, रायपुर, छत्तीसगढ में प्रतिभाग किया गया।




- दिनांक 26 जनवरी 2018 को, देश का 70वां गणतन्त्र समारोह आयोजित किया गया। विश्वविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक प्रो0 एच0 पी0 शुक्ल द्वारा झण्डारोहण व सामूहिक राष्ट्रीय गान के उपरांत विश्वविद्यालय की उपलब्धियों की आख्या प्रस्तुत की गई। समारोह विश्वविद्यालय के कार्मिकों हेतु क्रीड़ा प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया।

- मा0 कुलपति तथा कुलसचिव द्वारा दिनांक 09 जनवरी, 2020 को उच्च शिक्षा उन्नयन समिति के उपाध्यक्ष डॉ बी0एस0 बिष्ट का स्वागत किया गया।



माह जनवरी, 2020 में उपरोक्त प्रमुख कार्यकलापों के अतिरिक्त शिक्षकों द्वारा मोडरेशन कार्य, वार्षिक/सेमेस्टर परीक्षा का आयोजन, ईकाई लेखन, पाठ्यक्रमों में सुधार/ संशोधन, अध्ययन सामग्री/ पुस्तकों की संचरना/ प्रकाशन आदि कार्य किए जा रहे है। विद्यार्थियों तक पुस्तकों एवं पाठ्य सामग्री की आपूर्ति, सूचना अधिकार कानून के अन्तर्गत सूचनाओं की आपूर्ति, विद्यार्थियों को वांछित प्रमाणपत्रों का अविलम्ब निर्गमन आदि कार्य संपन्न किए गये।

****************

**(विश्वविद्यालय की गतिविधियों से संबंधित मीडिया कवरेज संलग्न है- क)**